(b) if so, the amount released, year-wise, and the number of stadia constructed, location-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS IN THE MINISTRY OF HUMAN, RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI-R. DHANUSH-KODI ATHITHAN): (a) and (b) Sir, during 1995-96 amounts of Rs. 10.00 lakhs and Rs. 2.50 lakhs were released for construction of a Sports Complex at Gudivada, Krishna Distt. and an Indoor Stadium at Hindupur, Distt. Ananthapur in Andhra Pradesh respectively. No assistance for construction of stadia was given during 1994-95 and 1996-97. To encourage rural sports, the Department released Rs. 11,87,041/-, Rs. 3,51,499/-.and Rs. 3,81,173/- to assist 12, 4 and 4 Rural Schools during 1994-95, 1995-96 and 1996-97 respectively for purchase of sports equipments and development of playfields.

**मध्य प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल**

2973. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए उपलब्ध होस्टलों की कुल सख्या कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षो के दौरान मध्य प्रदेश में जिला-वार कितने स्थानों पर इस प्रकार के और होस्टलों के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) क्या नरसिंहगढ़, राजगढ़ और विदिशा के लिए भी ऐसे प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) 31 अक्तूबर, 1996 तक कितने प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई तथा प्रत्येक होस्टल के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(ङ) सरकार द्वारा बाकी प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति दे दिए जाने की संभावना है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री ( श्री एस .आर. बोम्मई)**: (क) बच्चों के लिए दिवस देखभाल केन्द्रों सहित कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल भवनों के निर्माण/विस्तार की सहायता स्कीम के अंतर्गत अब तक मध्य प्रदेश में 67 होस्टल स्वीकृत किए जा चुके हैं।

(ख) विगत तीन वर्षो के दौरान ऐसे और होस्टलों के निर्माण का एक-एक प्रस्ताव भोपाल, छिन्दवाड़ा, दमोह, इन्दौर, नरसिम्हापुर, रायसेन, रीवा, उजजैन तथा पश्चिम निमाड़ से तथा ग्वालियर जिले के दो स्थानों से प्राप्त हुआ है।

(ग) जी, नहीं।

(घ)

| जिला | 31.10.96 तक स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या | प्रत्येक के लिए आवंटित अनुदान (लाख रुपयों में) |
|---|---|---|
| भोपाल | 1 | 9.49 |
| ग्वालियर | 1 | 18.09 |
| इन्दौर | 1 | 35.65 |
| पश्चिम निमाड़ | 1 | 12.98 |

(ङ) एक प्रस्ताव बकाया है, जिसमें आवेदक संगठन को बताई गई कमियों में सुधार करने के लिए कहा गया है, अन्य मामलों में आवेदक संगठन स्कीम की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते थे। उन्हें अदनुसार सूचित कर दिया गया है।

**अहमदाबाद में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त का कार्यालय खोलना**

2974. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधीन सहायक आयुक्त का कार्यालय खोलने के क्या मानदण्ड हैं;

(ख) क्या सरकार गुजरात में अहमदाबाद में सहायक आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन का कार्यालय खोलने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसमे क्या कारण है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री ( श्री मुही राम सैकिया)**: (क) सहायक आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कार्यालय किसी खास स्थान पर और इसके चारों ओर